वर्तमान सरकार की मुख्य-मुख्य उपलब्धियां

1. स्वच्छता सर्वेक्षण ग्रामीण 2018 के अनुसार हरियाणा को स्वच्छता के क्षेत्र में देश में नम्बर वन स्टेट अवॉर्ड मिला है। देश के 6 जिलों में हरियाणा के 3 जिले (गुरूग्राम, करनाल, रेवाड़ी) शामिल।
2. हरियाणा देश का पहला राज्य है जिसने अन्तरजिला परिषद् का गठन किया। इसके तहत पंचायती राज संस्थाओं को मिले और अधिक वित्तीय अधिकार।
3. Ease of Doing Business में हम 14वें से तीसरे स्थान पर पहुंचे, जबकि उत्तरी भारत में हम पहले स्थान पर है।
4. हरियाणा देश में निर्यात के क्षेत्र में 5वें स्थान पर पहुंचा।
5. हरियाणा देश में जी.एस.टी. कर संग्रहण में 5वें स्थान पर।
6. आज हरियाणा देश का एकमात्र राज्य है, जिसके किसी भी गांव का एक भी पंच या सरपंच न तो अनपढ़ है और न ही बैंक व बिजली बिलों का डिफॉल्टर है।

7. महिलाओं की सुरक्षा के लिए दुर्गा शक्ति ऐप शुरू की गई।
8. महिलाओं की सुरक्षा के लिए दुर्गा शक्ति वहिनी सेवा शुरू की गई।
9. Criminal Law Bill-2018 के तहत 12 साल तक की बच्ची से रेप करने पर फांसी की सजा का प्रावधान।
10. स्कूल, कॉलेज जाने वाली छात्राओं व अन्य महिलाओं की सुरक्षा के लिए दुर्गा रैपिड एक्शन फोर्स का गठन।
11. प्रदेश में कुल 29 महिला पुलिस थाने स्थापित किये गए हैं।
12. पहली अप्रैल, 2017 से हरियाणा कैरोसिन मुक्त राज्य बना।
13. प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत 6 लाख 86 हजार 826 गैस कनैक्शन दिए गए।
14. प्रदेश में 48 साल में लड़कियों के केवल 31 कॉलेज खुले, जबकि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में 29 कॉलेज खोले गए।
15. तेजी से गिर रहे भू-जल स्तर में सुधार के लिए सूक्ष्म सिंचाई परियोजना बनाने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य।
16. दक्षिण हरियाणा की नहरों में 39 वर्ष बाद पहली बार टेल तक पानी पहुंचाया गया।

17. सार्वजनिक वितरण प्रणाली का पूर्णतः कम्प्यूटरीकरण करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य है।

18. हरियाणा देश का ऐसा पहला राज्य है, जहां प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से शत-प्रतिशत पेंशन सीधे लाभार्थियों के खाते में जा रही है।

19. प्रदेश में पहली बार दिव्यांग महिला सरकारी कर्मचारियों को चाईल्ड केयर के लिए 1500 रुपये प्रति बच्चा विशेष भत्ता।

20. सरकारी नौकरियों में भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने के लिए ग्रुप सी व डी की भर्तियों में साक्षात्कार समाप्त किया।

21. प्रदेश में ग्रुप सी व डी पदों की भर्ती के संबंध में लिखित परीक्षा 90 अंकों की होगी व अनुभव तथा सामाजिक-आर्थिक मानदण्डों के लिए अधिकतम 10 अंक होंगे, यदि आवेदनकर्ता के परिवार का कोई सदस्य सरकारी नौकरी में नहीं है, विधवा है या विमुक्त जाति से सम्बन्धित है, तो उसे 5 अंक दिये जाएंगे।

22. ''पुलिस भर्ती में पारदर्शिता'' (टी.आर.पी.) पद्धति लागू की गई।

23. पारदर्शी एवं निष्पक्ष ऑनलाइन स्थानांतरण नीति के तहत 62,347 अध्यापकों के तबादले किए, जिनमें से 96 प्रतिशत तबादले मनचाही जगहों पर किए गए।

24. 22,642 सूक्ष्म व लघु उद्योग तथा 182 मध्यम व बड़े उधोग स्थापित हुए, जिनमें 8717 करोड़ रुपये का पूंजीनिवेश हुआ तथा 1,44,629 लोगों को रोजगार मिला।

25. अब तक कुल 485 एम.ओ.यू. समयबद्ध हुए हैं, जिनसे 6.64 लाख करोड़ रुपये के निवेश तथा 8,75,016 लोगों को रोजगार मिलने की सम्भावना है।

26. उद्यमियों को एक ही छत के नीचे स्वीकृतियां प्रदान करने के लिए HEPC (Haryana Enterprises Promotion Centre) का गठन किया गया।

27. 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत सरकार के प्रयासों और जनसहयोग से लिंगानुपात तीन दशकों के बाद 922 तक पहुंचा।

28. हरियाणा की बेटी मानुषी छिल्लर ने चीन में आयोजित मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में मिस वर्ल्ड-2017 का खिताब जीत कर देश और प्रदेश का पूरी दुनिया में गौरव बढ़ाया है।

29. बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम की तीसरी वर्षगांठ राजस्थान के झुनझनु जिले में मनाई गई। इस अवसर पर देश के 10 जिलों को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं कार्यक्रम में अनुकरणीय कार्य करने के लिए चयनित किया गया। जिसके तहत सोनीपत जिले को PC & PNDT Act. को बेहतर तरीके से लागू किये जाने के लिए माननीय प्रधानमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया।

30. मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के अन्तर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाली सभी वर्ग की विधवाओं को उनकी लड़कियों की शादी में 51,000 रुपये की शगुन राशि।

31. सक्षम युवा योजना के तहत कुल 63,331 युवाओं ने पंजीकरण करवाया, जिनमें से 45,422 युवाओं को विभिन्न विभागों में कार्य उपलब्ध करवाया गया।

32. हरियाणा कौशल विकास मिशन का गठन किया।

33. पंजीयक कार्यालयों को जनमैत्री बनाने और पारदर्शीता को बढाने के लिए ई-दिशा के माध्यम से नई रजिस्ट्रेशन प्रणाली शुरू करने वाला देश का अग्रणी राज्य।

34. 'म्हारा गांव जगमग गांव' योजना के तहत 2815 गांवों में 24 घंटे बिजली की आपूर्ति।

35. बिजली के बिल किए लगभग आधे। प्रदेश के 41 लाख से अधिक बिजली उपभोक्ता परिवार हुए लाभान्वित।

36. मेवात जिले के 51,170 घरों को दिए बिजली के कनेक्शन।

37. दशकों से अधूरे पड़े कुण्डली-मानेसर-पलवल (के.एम.पी.) एक्सप्रेस-वे पर यातायात शुरू।

38. सोनीपत के कुण्डली से नरेला तक दिल्ली मैट्रो के विस्तार को मंजूरी।

39. बदरपुर-मुजेसर मैट्रो रेल सेवा शुरू।

40. कुण्डली-गाजियाबाद-पलवल एक्सप्रेस-वे पर यातायात शुरू।

41. मुंडका, दिल्ली - बहादुरगढ़ मैट्रो रेल सेवा शुरू।

42. बल्लभगढ़-फरीदाबाद मेट्रो रेल सेवा शुरू।

43. प्रदेश के सभी शहरी व ग्रामीण क्षेत्र हुए खुले में शौच से मुक्त।

44. नागरिकों की समस्या या शिकायत के निवारण के लिए सीएम विंडो के माध्यम से 5 लाख 20 हजार 542 से अधिक शिकायतों में से 4 लाख 84 हजार 485 शिकायतों का समाधान किया गया।

45. सार्वजनिक विकास परियोजनाओं के लिए सरकार को स्वेच्छा से दी गई जमीन की खरीद के लिए ''ई-भूमि वैबपोर्टल'' शुरू किया गया।

46. गांवों में लगभग 1783 आई0टी0 युक्त ''ग्राम सचिवालय'' स्थापित किए गए।

47. प्रदेश में 135 ई-दिशा केन्द्रों तथा 8467 अटल सेवा केंद्रो के माध्यम से 281 ई-सर्विसेज सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

48. सभी प्रकार की आवश्यक दवाइयां व मेडिकल टेस्ट सरकारी अस्पतालों में मुफ्त उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

49. राज्य में कुल 215 गोल्डन जुबली खेल नर्सीरियां स्थापित की गई।

50. युद्ध के दौरान शहीद हुए सैनिकों के आश्रितों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये की गई।

51. द्वितीय विश्व युद्ध के भूतपूर्व सैनिकों व उनकी विधवाओं को दी जाने वाली आर्थिक सहायता बढ़ाकर 10 हजार रुपये मासिक की गई।

52. वर्ष 1957 के हिन्दी आंदोलन में भाग लेने वालों को 10 हजार रूपये मासिक पैंशन।

53. अक्तूबर, 2014 से अब तक शहीद सैनिकों के 245 आश्रितों को अनुकम्पा के आधार पर नौकरी दी गई।

54. हरियाणा सरकार ने अपने कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग के अनुसार वेतनमान सबसे पहले दिए।

55. मुख्यमन्त्री सामाजिक सुरक्षा योजना के अन्तर्गत गैर अंशदाता औद्योगिक एवं वाणिज्यिक श्रमिकों की आगजनी, भवन गिरने आदि से मृत्यु हो जाने पर 5 लाख रूपये तक की वित्तीय सहायता।

56. पंजीकृत श्रमिकों को अंत्योदय आहार योजना के तहत 10 रुपये की दर से खाना उपलब्ध करवाने के लिए रियायती भोजनालय खोले गए।

57. हरियाणा विमुक्त घुमंतु जाति विकास बोर्ड का गठन किया गया।

58. मुख्यमंत्री सामाजिक समरसता अन्तर्जातीय विवाह शगुन योजना' के तहत हरियाणा राज्य के स्थायी निवासी अनुसूचित जाति के लड़का या लड़की से विवाह करने पर प्रोत्साहन स्वरुप दी जाने वाली 50,000 रुपये की राशि को पुनः बढ़ाकर 2,50,000 रूपये किया गया।

59. व्यापारी कल्याण बोर्ड की स्थापना।

60. 60 वर्ष से अधिक उम्र के मान्यता प्राप्त पत्रकारों को 10 हजार रूपये मासिक पैंशन दी जा रही है।

61. व्यापक आर्थिक मापदंडों जैसे विकास, मुद्रास्फीति व वित्तीय स्वास्थ्य के आधार पर Crisil की विश्लेषण रिपोर्ट के अनुसार हरियाणा देश में तीसरे स्थान पर।

62. हरियाणा देश का पहला राज्य है जिसने 'भावान्तर भरपाई योजना' के तहत टमाटर, प्याज, आलू व फूलगोभी की फसल के संरक्षित भाव निर्धारित किए।

63. जल स्रोतों के अनुकूल एवं कुशल प्रबंधन के लिए हरियाणा राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित।

64. गरीबों को सभी प्रकार की जानकारियां एक ही छत के नीचे उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से प्रथम चरण में 14 अप्रैल, 2018 से प्रदेश के 7 जिलों (फरीदाबाद, गुरुग्राम, कैथल, जींद, करनाल, कुरुक्षेत्र व यमुनानगर) में ''अन्त्योदय भवन'' खोले गये, जिनके माध्यम से 204 योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करवाई जा रही है।

65. गोल्ड कोस्ट ऑस्ट्रेलिया में हुये 21वें राष्ट्रमण्डल खेलों में प्रदेश के कुल 37 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इन खेलों में प्रदेश के खिलाड़ियों ने कुल 22 पदक जीते, जिनमें 9 स्वर्ण, 6 रजत तथा 7 कांस्य पदक शामिल है।

66. हरियाणा में देश की मात्र 2 प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है, इसके बावजूद 21वें राष्ट्रमण्डल खेलों में देश के कुल पदकों का 33 प्रतिशत पदक हासिल करके एक नई मिशाल कायम की है।

67. प्रदेश में 8 जून, 2018 से ''मुख्यमंत्री से सीधी बात कार्यक्रम'' की शुरूआत कैथल के पूंडरी हल्के के कौल, ढांड, पाई तथा हाबड़ी गांवों से की गई।

68. खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्यों में ऐतिहासिक बढ़ोतरी। धान (ग्रेड-ए) का 1770 रूपये, सामान्य धान का 1750 रूपये , बाजरे का 1950 रूपये, मक्के का 1700 रूपये, कपास का 5150 रूपये तथा सूरजमुखी का 5388 रुपये प्रति क्विंटल किया।

69. रबी सीजन 2018-19 के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाकर 1840 रुपये, जौ का 1440 रुपये, चने का 4620 रुपये तथा सरसों का 4200 रुपये प्रति क्विंटल किया।

70. प्रदेश में कुपोषण को खत्म करने के लिए फूड फोर्टिफिकेशन की पहल की गई।

71. बीपीएल व एएवाई के परिवारों को हर महीने एक किलो चीनी और दो लिटर सरसों का तेल प्रति परिवार की दर से उपलब्ध करवाने वाला देश का पहला राज्य।

72. देश का पहला ऊपरगामी रेलवे ट्रैक रोहतक में बनाया जा रहा है।

73. हिसार में बना प्रदेश का पहला एयरपोर्ट।

74. गरीब परिवारों को 5 लाख रुपये तक का चिकित्सा लाभ मुहैया करवाने के लिए 'आयुष्मान भारत' योजना लागू।

75. रिहायशी भवनों में 4 मंजिल का प्रावधान किया गया।

76. गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट ऑथोरिटी (जी.एम.डी.ए.) का गठन।

77. फरीदाबाद मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट ऑथोरिटी (एफ.एम.डी.ए.) के गठन का निर्णय।

78. शहरी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने की प्रक्रिया में हरियाणा 28वें स्थान से 10वें स्थान पर पहुंचा।

79. हरियाणा देश का ऐसा पहला राज्य, जहां पर दो रियल एस्टेट ऑथोरिटी (गुरुग्राम व पंचकूला) बनाई गई।

80. प्रदेश में नम्बरदारों का मानदेय 1500 रूपये मासिक से बढ़ाकर 3000 रूपये मासिक तथा एक मोबाइल देने का निर्णय।

81. पूर्व मेयर को 2500 रूपये, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर, पूर्व डिप्टी मेयर तथा पूर्व नगर परिषद प्रधान को 2000 रूपये मासिक पैंशन।

82. भूतपूर्व सरपंच को एक हजार रूपये मासिक पैंशन।

83. जिला पलवल के गांव दुधोला में विश्वकर्मा कौशल विकास विश्वविद्यालय स्थापित।